हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 8 मई 2026
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

12 मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियानः डोर टू डोर ...



12 शराब पीने से मना व ताना मारने पर पति ने ...



## खबर संक्षेप

### आईटीआई में मेगा प्लेसमेंट कैंप 11 मई को

जगदलपुर। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर में 11 मई को राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक आईटीआई परिसर में निरंतर चलेगा, जहाँ युवाओं को सीधे औद्योगिक संस्थानों से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। इस विशेष अभियान के बारे में जानकारी देते हुए शासकीय आईटीआई बस्तर के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी डॉ. एके मांडले ने बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को राष्ट्रीय स्तर के अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकृत कराना और उन्हें प्रतिष्ठित कंपनियों में अनुभव व रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

### भर्ती के लिए लगेगा ब्लॉक स्तरीय शिविर 11 से

जगदलपुर। जिला कौशल विकास प्राधिकरण बस्तर द्वारा कैप्सटन सर्विसेज लिमिटेड हैदराबाद के माध्यम से जिले के विभिन्न विकासखंडों में सुरक्षा गार्ड एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती के लिए विशेष प्लेसमेंट शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से ब्लॉक स्तर पर आयोजित की जाएगी, ताकि ग्रामीण अंचलों के युवाओं को उनके घर के पास ही रोजगार पाने का सुनहरा अवसर मिल सके। इस भर्ती अभियान की शुरुआत आगामी 11 मई को जनपद पंचायत बस्तर से होगी, जिसके बाद सिलसिलेवार ढंग से जिले के अन्य हिस्सों में शिविर लगाए जाएंगे। कार्यक्रम के अनुसार 12 मई को तोकापाल, 13 मई को लोहण्डीगुड़ा और 14 मई को बास्तानार जनपद पंचायत में पंजीयन की कार्यवाही की जाएगी। एक संक्षिप्त अंतराल के बाद 18 मई को दरभा जनपद पंचायत में शिविर लगेगा, वहीं 19 मई को जगदलपुर स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में युवाओं की स्क्रीनिंग की जाएगी। इस अभियान का समापन 20 मई को जनपद पंचायत बकावण्ड में आयोजित होने वाले अंतिम शिविर के साथ होगा। इन सभी स्थानों पर चयन प्रक्रिया सुबह 11 बजे से प्रारंभ होकर शाम 4 बजे तक निरंतर चलेगी।

### 4 पीड़ित परिवारों को दी गई 16 लाख की सहायता

जगदलपुर। कलेक्टर आकाश छिकारा ने प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा से 4 पीड़ित परिवारों हेतु चार-चार लाख रूपए के मान से कुल 16 लाख रुपये की सहायता राशि की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत गंगानगर निवासी 15 वर्षीय महजबीन बेग की तालाब में डूबने से हुई मृत्यु के पश्चात उनके पिता ईस्माइल बेग को सहायता राशि दी गई है। इसी प्रकार, मगडू कचोरा के निवासी राजेश यादव की तालाब में डूबने से हुई आकस्मिक मृत्यु पर उनकी पत्नी पूर्णिमा यादव को राहत राशि प्रदान की गई है। नदी में डूबने की एक अन्य दुखद घटना में जान गंवाने वाली किरण देवांगन के मामले में उनकी बहन बिन्दा देवांगन को पात्र वारिस मानते हुए सहायता स्वीकृत की गई है। बुरूदवाड़ा सेमरा के निवासी दयाराम की डबरी में डूबने से हुई मृत्यु के बाद उनकी पत्नी राजा को वित्तीय सहायता दी गई है।

### विशाल प्लेसमेंट कैंप 12 को

जगदलपुर। बस्तर जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार पाने का एक शानदार अवसर सामने आया है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 12 मई को एक दिवसीय विशाल प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के समीप आड़ावाल स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में आयोजित होने वाला यह कैंप सुबह 11 बजे से प्रारंभ होकर शाम 4 बजे तक चलेगा, जिसमें निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा कुल 305 विभिन्न पदों पर योग्य युवाओं का चयन किया जाएगा।

# विधायक ने ऑनलाइन के माध्यम से संपत्ति कर में 6.25 फीसदी छूट का लिया लाभ

## नगरवासियों से की ऑनलाइन कर भुगतान करने की अपील, सही समय पर कर पटाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने अपने निवास पर 2026 -27 के संपत्ति कर का भुगतान ऑनलाइन जमा किया तथा शासन के 6.25 फीसदी छूट का लाभ भी मिला। उन्होंने नगरवासियों से घर बैठे डिजिटल ऑनलाइन के माध्यम से कर का भुगतान कर लाभ लेने की अपील की।

विधायक सिंहदेव ने कहा कि नगर निगम ने लोगों को मकानों का संपत्ति कर ऑनलाइन जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई है। विधायक ने कहा, सभी करदाता अपने-अपने मकानों दुकानों का समेकित संपत्तिकर, जलकर सही समय में जमा कर छूट का लाभ ले सकते हैं।

### कर भुगतान करके लें लाभ

महापौर संजय पांडे ने कहा निगम के अंतर्गत संपत्ति करदाताओं को कर का भुगतान कर लाभ प्राप्त किया जा सकता है। वहीं निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन ने भी अपने निवास का ऑनलाइन संपत्ति कर का भुगतान किया।





### ये रहे उपस्थित

इस दौरान महापौर समेत राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा, पीडब्ल्यूडी सभापति निर्मल पानीग्राही, त्रिवेणी रंधारी, पितामह नायक, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, राजस्व निरीक्षक कुलदीप पाणिग्रही, सहायक राजस्व निरीक्षक राकेश नाग, गोबियल सिरहा, अभिषेक श्रेट्ठी व राजस्व अमला उपस्थित थे।

## सफलता : पुजारी कांकेर में पहली बार लगा जनसमस्या निवारण शिविर

# जहां लगती थी जनताना की जन-अदालत वहां पहुंचा विष्णु का सुशासन तिहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

माओवाद प्रभावित और अत्यंत सुदूर ग्राम पंचायत पुजारी कांकेर में पहली बार प्रशासन का ऐसा व्यापक शिविर आयोजित हुआ। जहां कभी जनताना सरकार की जन-अदालत लगती थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन तिहार के तहत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर ने ग्रामीणों में नई उम्मीद जगाई।

- स्थानीय भाषा में जानकारी लेकर योजनाओं का लिया लाभ

शिविर में पहली बार सभी विभागों का अमला एक साथ गांव पहुंचा, जिसे देखने और योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा और बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए। ग्रामीण पूरे समय शिविर में मौजूद रहे और स्थानीय भाषा में योजनाओं की जानकारी लेकर लाभ उठाने के लिए आवेदन भी किए। एसडीएम भूपेन्द्र गावरे के नेतृत्व तथा सीईओ जनपद पंचायत प्रभाकर चंद्राकर के समन्वय से शिविर संपन्न हुआ।

इस शिविर में पुजारी कांकेर सहित मारुड़बाका, नेलाकांकेर, संकनपल्ली, तिम्मापुर, ईलमिड़ी, सेमलडोडी, लंकापल्ली, एंगपल्ली, गलगम, उसूर, आवापल्ली, चिंताकोंटा, मुरदंडा, चेरकडोडी, नुकनपाल, पुसगुड़ी और मुरकीनार ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में प्राप्त आवेदनों में से 29 का मौके पर निराकरण किया गया जबकि शेष आवेदनों पर कार्रवाई जारी है। शिविर में क्रेडा, जल जीवन मिशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आयुष, कृषि, उद्यानिकी, वन, मत्स्य, विद्युत, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित सभी विभागों ने योजनाओं की जानकारी दी और पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए।







### लोग रख रहे समस्याएं और मांगें: जानकारी

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने कहा कि मुख्यमंत्री के संकल्प का परिणाम है कि आज पुजारी कांकेर जैसे क्षेत्र में प्रशासनिक अमला पहुंचा है। जहां कभी माओवाद के भय से साप्ताहिक बाजार भी बंद हो जाते थे। अब ग्रामीण खुलकर अपनी समस्याएं और मांगें प्रशासन के सामने रख रहे हैं।

### पात्र हितग्राहियों को बांटी सामग्री

शिविर में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत सहायक उपकरण, बैसाखी, वाकिंग स्टिक, श्रवण यंत्र, मत्स्य जाल, आइस बॉक्स, मृदा परीक्षण प्रमाण पत्र सहित अन्य सामग्री वितरित की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माताओं की गोदभराई और नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। स्वास्थ्य विभाग ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, दवा वितरण और स्वास्थ्य सलाह दी। वहीं पशुधन विकास विभाग ने पशुओं के उपचार एवं संक्रमण से बचाव संबंधी जानकारी प्रदान की।

# सप्ताहभर से लापता अधेड़ का क्षत विक्षत मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित खड़कघाट हनुमान मंदिर के करीब झाड़ियों में गुरूवार सुबह सप्ताह भर से घर नहीं आ रहे अधेड़ का क्षतविक्षत शव बरामद किया गया है। उसकी शिनाख्त वार्ड व परिवार के लोगों ने की।

- शराब पीने का था आदि, खड़कघाट में सुबह देख लोगों ने पुलिस को दी सूचना
- कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला

जिसके बाद पंचनामा कार्रवाई के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

जानकारी के मुताबिक इंद्रावती नदी तट स्थित हनुमान मंदिर के करीब झाड़ियों में शव मिलने की खबर लगते ही लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। इसी दौरान मौके पर मौजूद वार्ड के लोगों ने उसकी शिनाख्त सुकमन नाग पिता सुकरू नाग 50 वर्ष निवासी पनारापारा के रूप में की। इसके बाद मृतक की पत्नी व पुत्र भी मौके पर पहुंच गए और उसकी शिनाख्त की। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक सुकमन नाग सप्ताह भर से घर नहीं आ रहा था इससे पूर्व भी वह कई दिनों तक घर नहीं आता था और शराब पीने का आदि था। सप्ताह भर तक नहीं आने पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे इसी बीच उसके मौत की खबर मिली। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई की गई।





### शव परिजन को सौंपा

कोतवाली थाना में पदस्थ एसआई अरूण मरकाम ने बताया कि परिजनों द्वारा सुकमन की मौत पर किसी तरह के संदेह नहीं होने और लिखित में देने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। जिसके बाद परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार किया।

# समस्याओं का समाधान करने की बजाय की जा रही कागजी खानापूर्ति



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी की सरकार और नगर निगम के महापौर सुशासन के नाम पर जनता को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं। सुशासन तिहार के नाम पर आयोजित कार्यक्रमों में जनता की समस्याओं का समाधान करने के बजाय केवल कागजी खानापूर्ति की जा रही है, जिससे आम जनता स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

- सुशासन तिहार के नाम पर जनता से छल कर रही भाजपा सरकार व निगम : राजेश

उक्त बातें निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने गुरुवार को आयोजित पत्रवार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2025 में आयोजित सुशासन तिहार के दौरान कुल 2461 ▸▸शेष पेज 12 पर

# बीमा कंपनी नामिनी को अदा करेगी बीमा क्षति राशि 6 लाख

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा बुधवार को एक प्रकरण में बजाज अलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जगदलपुर द्वारा आवेदक को मृत पत्नि की बीमा क्षति दावा राशि 6 लाख रुपए एवं मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रुपए देगी। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा जारी किया गया है।

- जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया आदेश
- 10 हजार रुपए अतिरिक्त देना होगा





न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी आवेदक रामेश्वर जायसवाल ने अपनी पत्नि दीनमनी जायसवाल के नाम पर बजाज अलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जगदलपुर से बीमा ▸▸शेष पेज 12 पर

# 14 पेड़ों के चलते उप पंजीयन कार्यालय भवन का निर्माण कार्य नहीं हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

शहर के राजस्व परिसर में 71.41 लाख रुपए की लागत से नया अत्याधुनिक उप पंजीयन कार्यालय भवन का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए ढाई माह पूर्व हाऊसिंग बोर्ड ने मेसर्स रूबी कंस्ट्रक्शन से अनुबंध किया। स्थल में 14 पेड़ों के लिए ठेकेदार ने भवन निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है। बताया जा रहा है कि ठेकेदार को स्थल में चिन्हित पेड़ों की कटाई का इंतजार है।

- ढाई माह पूर्व अनुबंध के बाद भी ठेकेदार को चिन्हित पेड़ों की कटाई का इंतजार

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस नए भवन से डिजिटल रिकॉर्ड कीपिंग, बेहतर दस्तावेज सुरक्षा और आम जनता के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। संपत्ति पंजीकरण, दस्तावेज स्कैनिंग और रिकॉर्ड कीपिंग के लिए आधुनिक डिजिटल सिस्टम की व्यवस्था होगी। पुराने दस्तावेजों को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने के लिए ▸▸शेष पेज 12 पर



### वन विभाग को भेजा पत्र

हाऊसिंग बोर्ड प्रोजेक्ट जगदलपुर के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने बताया कि नए अत्याधुनिक उप पंजीयन कार्यालय भवन निर्माण कार्य स्थल में 14 पेड़ों के चलते निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। इसलिए चिन्हित पेड़ों की कटाई के लिए वन विभाग को पत्र भेजा गया है। पेड़ों की कटाई के बाद भवन का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

## मेटल डिटेक्टर से सघन जांच के बाद दी गई प्रवेश की अनुमति

# कड़ी सुरक्षा के बीच हुई प्री-पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 7 मई को आयोजित प्री-पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई। शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय को इस परीक्षा के लिए समन्वय केंद्र बनाया गया था, जहां सुबह 10 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक परीक्षा संचालित की गई। इस केंद्र पर परीक्षा के लिए कुल 115 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिनमें से 63 छात्र उपस्थित हुए और 52 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।

- 52 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित
- मूल प्रवेश पत्र और पहचान पत्र का मिलान कर किया सत्यापन

परीक्षा के सफल और निष्पक्ष संचालन हेतु जिला प्रशासन ने कड़े सुरक्षा प्रबंध किए थे, जिसके तहत परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से ढाई घंटे पहले ही केंद्र पर बुला लिया गया था। मुख्य द्वार पर मेटल डिटेक्टर के माध्यम से सभी की सघन जांच की गई और इसके उपरांत ही उन्हें भीतर प्रवेश की अनुमति दी गई। प्रवेश के दौरान शिक्षकों द्वारा इंटरनेट से प्राप्त साफ-सुथरे मूल प्रवेश पत्र और पहचान पत्र का मिलान कर गहन सत्यापन किया गया। जिन परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र में फोटो स्पष्ट नहीं थी, उन्हें दो वर्तमान रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाने के निर्देश दिए गए थे। इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए एक विशेष ड्रेस कोड भी निर्धारित किया गया था, जिसका कड़ाई से पालन कराया गया। परीक्षार्थियों को केवल हल्के रंग की हाफ टी-शर्ट, हल्के कपड़े और पैरों में चप्पल पहनकर आने की अनुमति थी। केंद्र के भीतर जूता-मोजा, घड़ी, पर्स, बेल्ट, मोबाइल और किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या संचार साधनों को ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहा। यहाँ तक कि आभूषणों जैसे बाली, झुमके और कड़े या कलावा धागा पहनने पर भी सख्त पाबंदी लगाई गई थी।



### नोडल अधिकारी ने व्यवस्थाओं की निगरानी की

जिला प्रशासन द्वारा उक्त परीक्षा की संपूर्ण व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए डिप्टी कलेक्टर मनीष कुमार वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। उनके मार्गदर्शन में शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल श्रीवास्तव और सहायक समन्वयक डॉ. अजय सिंह ठाकुर ने परीक्षा का सफल समन्वय सुनिश्चित किया।

# चाकू लेकर लोगों को दे रहा था धमकी, पेट्रोलिंग टीम ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

सार्वजनिक जगह पर बटन चाकू लेकर लोगों को धमकी देने वाले आरोपी को बोधघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चाकू बरामद कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

- बोधघाट थाना क्षेत्र स्थित तिरंगा चौक की घटना
- आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज, आरोपी न्यायालय में पेश

एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के मार्गदर्शन, सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टाउन पेट्रोलिंग के दौरान बोधघाट पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति तिरंगा चौक मिशन स्कूल के पास सार्वजनिक स्थान में खड़ा होकर अपने पास एक बटनदार ▸▸शेष पेज 12 पर



### कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा एएसआई ललित सिंह नाग, लोकेश्वर नाग, एएसआई देवेंद्र राय, प्रधान आरक्षक मयाराम कश्यप, आरक्षक होरीलाल आर्मो व कामदेव दर्रो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियानः डोर टू डोर जांच कार्य का प्रभारी सचिव ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान 'मावा बस्तर, मावा स्वास्थ्य' के अंतर्गत जिले में संचालित डोर–टू–डोर स्वास्थ्य जांच अभियान का प्रभारी सचिव भीम सिंह ने ग्राम बदवर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से अभियान की प्रगति की जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में एनीमिया के मामलों की गंभीरता से जांच कर प्रभावित मरीजों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से बस्तर क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाना शासन की प्राथमिकता है।

## एनीमिया मरीजों के उपचार पर दिया जोर

### 45 प्रतिशत से अधिक आबादी की हो चुकी स्क्रीनिंग

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अभियान के तहत जिले की कुल जनसंख्या के 45.17 प्रतिशत लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। जांच के दौरान गंभीर बीमारी से प्रभावित 1266 मरीजों को बेहतर उपचार हेतु उच्च स्वास्थ्य केंद्रों में रेफर किया गया है।



## जनगणना कार्य का बदवर में किया निरीक्षण




**कोण्डागांव।** जनगणना 2027 के अंतर्गत जिले में प्रथम चरण का कार्य 1 मई से प्रारंभ होकर 30 मई तक संचालित किया जा रहा है। इस चरण में मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य किया जा रहा है। जिले के प्रभारी सचिव भीम सिंह ने बुधवार को धनोरा तहसील के ग्राम बदवर पहुंचकर जनगणना कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर कार्य प्रगति की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने प्रगणकों से सीधे चर्चा कर कार्य की स्थिति जानी तथा एचएलओ मोबाइल ऐप के माध्यम से किए जा रहे डेटा संकलन का अवलोकन किया। उन्होंने प्रगणकों को निर्देश दिए कि सभी परिवारों की सही, अद्यतन और तथ्यात्मक जानकारी दर्ज करें, ताकि जनगणना के आंकड़े विश्वसनीय बन सकें। प्रभारी सचिव ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसे पूर्ण पारदर्शिता, जिम्मेदारी और समयबद्धता के साथ संपन्न किया जाना चाहिए। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, तहसीलदार धनोरा, चार्ज अधिकारी विजय मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मरम्मत के बाद जामपारा में पेयजल आपूर्ति शुरू



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कनेचुर के आश्रित ग्राम जामपारा में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत क्रेडा द्वारा सोलर ड्यूल पंप का स्थापना कार्य किया गया है। निरीक्षण में पाया गया कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सोलर ड्यूल पंप संयंत्र के इनलेट गेट वाल्व को बन्द कर दिया गया था, जिसके कारण संयंत्र के टंकी में पानी नहीं चढ़ पा रहा था। क्रेडा के मैकेनिक द्वारा तत्काल इनलेट गेट वाल्व को चालू किया गया, जिससे संयंत्र की टंकी में सुचारू रूप से पानी चढ़ने लगा है।

### फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत खैरखेड़ा के तालाब पास ग्रामीण ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक खैरखेड़ा निवासी 50 वर्षीय राम कोर्राम पिता स्व. हीरालाल ने 2 मई को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक ने आत्महत्या किस कारण से किया, यह फिलहाल पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सुरूंगदोह में 9 को समाधान शिविर

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 9 मई को ग्राम पंचायत सुरूंगदोह के प्राथमिक शाला परिसर बाजार स्थल में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में ग्राम पंचायत सुरूंगदोह, चांउरगांव, गौड़पाल, गुदुम, हामंतवाही, कोड़ेकुसी, कराकी, जाड़ेकुसी, कोड़े, मगहुर, पचांगी, सराधुघमरे, करकापाल, कोडरुंज, ओटेकसा एवं चिखली के ग्रामीण शामिल होंगे। यह शिविर आसपास के ग्रामीणों के लिए प्रशासन से सीधे जुड़ने और अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर होगा।

### मनीषदेव रिटर्निंग आफिसर नियुक्त

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नगरपालिका निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन नियम 1994 के नियम 13 एवं 14 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनीष देव साहू को नगर पंचायत पखांजूर वार्ड क्र.-09 में उप निर्वाचन-2026 के लिए रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया है।

### पीईटी प्रवेश परीक्षा 14 को 197 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा पीईटी प्रवेश परीक्षा 14 मई गुरूवार को पूर्वान्ह 10 बजे से दोपहर 01.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के 197 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी और व्याख्याता लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उक्त परीक्षा के लिए भानुप्रतापदेव शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय कांकेर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

## अपराध : पत्नीहंता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# शराब पीने से मना व ताना मारने पर पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ आरोपी न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

जिले के चिपावंड डोंडियापारा में पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को कोंडागांव पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि पत्नी द्वारा शराब पीने से मना करने और बार–बार ताना देने से नाराज होकर उसने डंडे से हमला कर हत्या कर दी।

मामले में प्रार्थी सिंगलु मंडावी ने थाना कोंडागांव में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 30 अप्रैल को ग्राम खड़का के लोगों ने सूचना दी कि उसका साला पीतम उर्फ प्रीतम कोर्राम शराब के नशे में अपनी पत्नी सुखदई कोर्राम के साथ गाली–गलौज करते हुए डंडे से मारपीट कर रहा है और महिला बेहोश पड़ी हुई है। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे, जहां आरोपी



फरार हो चुका था। गंभीर हालत में महिला को पहले स्थानीय अस्पताल और बाद में बेहतर इलाज के लिए रायपुर के डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान 3 मई को उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद थाना कोंडागांव में आरोपी पीतम उर्फ प्रीतम कोर्राम पिता स्व. कार्तिक कोर्राम, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम चिपावंड डोंडियापारा के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी सतीश भार्गव एवं थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

### पूछताछ में आरोपी ने कबूला जुर्म

*जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी शराब पीने को लेकर लगातार ताना मारती थी, जिससे वह नाराज रहता था। इसी गुस्से में उसने घर में रखे मोटे डंडे से पत्नी के सिर पर हमला कर दिया। अपराध स्वीकार करने के बाद पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर परिजनों को सूचना दी तथा न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।*

### पुलिस टीम की रही अहम भूमिका

*पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, उप निरीक्षक राजकुमार कोमरा, प्रधान आरक्षक अशोक मरकाम, साइबर सेल से सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र बघेल तथा आरक्षक संतोष कोड़ोपी और बिरजू सोरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। घटना ने एक बार फिर घरेलू हिंसा और नशे की गंभीर समस्या को उजागर किया है, जिसने एक परिवार की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं।*

# नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को तमिलनाडु से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ पीड़िता को बहला फुसलाकर ले गया था आरोपी

जिले के विश्रामपुरी थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी को तमिलनाडु से ट्रेस कर कोंडागांव लाया गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मामले का खुलासा हुआ।

प्रार्थी सोमलाल यादव ने 16 अप्रैल को थाना विश्रामपुरी पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी 6 अप्रैल की सुबह घर से बिना बताए कहीं चली गई है। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। परिजनों को आशंका थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने बहला–फुसलाकर उसे अपने साथ ले गया है। रिपोर्ट के आधार पर पहले गुम इंसान का मामला दर्ज किया गया, बाद में नाबालिग लड़की के मामले को गंभीरता से लेते हुए अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक शंकर लाल ध्रुव के नेतृत्व में टीम गठित की गई।



### पूछताछ में आरोपी ने कबूला अपराध

थाना लाकर पीड़िता से पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। वहीं आरोपी रघुनाथ यादव पिता फुलदेव यादव, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम राकसबेड़ा मंदिरपारा थाना माकड़ी ने पूछताछ में अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी को 3 मई 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### पुलिस टीम की रही अहम भूमिका

पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शंकर लाल ध्रुव, प्रधान आरक्षक देवार्चन सिदार, महिला प्रधान आरक्षक जयो चन्द्रवंशी, आरक्षक राम नाग तथा साइबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विश्रामपुरी पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से न केवल पीड़िता को सुरक्षित वापस लाया गया, बल्कि आरोपी को भी कानून के शिकंजे तक पहुंचाया गया।

# सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का संवेदनशीलता के साथ करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ प्रभारी सचिव ने जिला स्तरीय अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

जिले के प्रभारी सचिव भीम सिंह ने बुधवार को केशकाल विकासखंड के ग्राम धनोरा स्थित पीएमश्री स्कूल में सुशासन तिहार को लेकर सभी जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल भी उपस्थित रहे।

प्रभारी सचिव ने कहा कि राज्य शासन की महत्वाकांक्षी पहल सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों को सभी विभाग गंभीरता से लें और नागरिकों की समस्याओं एवं मांगों का संवेदनशीलता के साथ समुचित निराकरण करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा सभी पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। प्रभारी सचिव ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों का समय–सीमा में निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में जिले में बिजली व्यवस्था सुधार के लिए निर्माण कार्योर् में तेजी लाने, राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के स्वीकृत आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। आवास निर्माण में राजमिस्त्रियों की कमी को देखते हुए प्रशिक्षण की व्यवस्था करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।



### किसानों को योजनाओं का लाभ देने के निर्देश

कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से सभी पात्र किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। खाद एवं बीज की उपलब्धता तथा जांच व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान, सिकल सेल जांच, आयुष्मान कार्ड निर्माण तथा टीबी मुक्त पंचायतों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। हर घर जल प्रमाणित गांवों में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा जिन गांवों में समस्या है वहां कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा गया। विद्यालयों में निर्धारित मानकों के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराने और बेहतर पढ़ाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### योजनाओं की हुई विस्तृत समीक्षा

बैठक में पीएम सूर्य घर योजना, तेंदूपत्ता संग्रहण, मनरेगा, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लखपति दीदी पहल, समाज कल्याण एवं सहकारिता विभाग सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर डीएफओ श्रीमती दिव्या गौतम, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## नए पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा पिच्चेकट्टा का मावली हिल्स, वॉटर एडवेंचर का शुभारंभ

**भानुप्रतापपुर।** प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे भानुप्रतापपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुल्ला स्थित पिच्चेकट्टा जलाशय को मावली हिल्स वॉटर एडवेंचर के रूप में विकसित किया गया है, जिसका शुभारंभ बुधवार 06 मई को उत्साह और जनसहभागिता के बीच किया गया। इस पहल से न केवल क्षेत्रीय पर्यटन को नई पहचान मिलेगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद भोजराज नाग ने कहा कि कांकेर जिले में पिच्चेकट्टा जैसे सैकड़ों खूबसूरत पर्यटन स्थल मौजूद हैं, लेकिन वर्षों तक माओवादियों के आतंक के कारण इन स्थानों का समुचित विकास नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि अब बस्तर की पहचान बंदूक और बारूद से नहीं, बल्कि पर्यटन, प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विरासत से होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव शाह की दृढ़ इच्छाशक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि नक्सलवाद अब समाप्ति की ओर है और विकास की नई धारा बस्तर में बह रही है।

# 22 साल देश की सेवा कर ग्राम लौटने पर भुनेश्वर का कानापोड़ में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

देश की सीमाओं की रक्षा में अपने जीवन के सुनहरे 22 वर्ष समर्पित करने के बाद चारामा तहसील के ग्राम कानापोड़ (लखनपुरी) के निवासी भुवनेश्वर साहू भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होकर अपने गृह ग्राम लौटे। सेना में मानद हवलदार के पद से सेवानिवृत्त होकर लौटे इस जांबाज सैनिक का ग्रामीणों, परिजनों और पूर्व सैनिक परिषद ने फूल-मालाओं और गाजे-बाजे के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया। जानकारी के अनुसार कानापोड़ निवासी किसान स्व1 ब्रजलाल साहू और धनमीन बाई के सुपुत्र भुवनेश्वर साहू अप्रैल 2002 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे, उनकी ट्रेनिंग बेलगाम (कर्नाटक) में हुई। अपने 22 साल के लंबे कार्यकाल में



उन्होंने देश के विभिन्न दुर्गम और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों जम्मू-कश्मीर में पहली पोस्टिंग और अंत में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी यहीं तैनात रहे। उसके उपरांत लेह-लद्दाख (ग्लेशियर) शून्य से नीचे के तापमान में देश की सुरक्षा में तैनात रहे। यहाँ से दिल्ली एनएसजी में विशिष्ट सेवा का अवसर भी मिला।

## कोंडागांव जिले को मिली दोहरी उपलब्धि

# माकड़ी और फरसगांव सीएचसी राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों में प्रमाणित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ स्वास्थ्य सेवाओं में जिले ने रचा नया कीर्तिमान

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के क्षेत्र में जिले ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जिले के फरसगांव और माकड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स के तहत राष्ट्रीय प्रमाणन प्राप्त हुआ है। फरसगांव सीएचसी यह गौरव प्राप्त करने वाला जिले का पहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बन गया है। सुदूर आंतरिक आदिवासी क्षेत्र में स्थित माकड़ी सीएचसी जिले का दूसरा तथा आकांक्षी ब्लॉक का पहला राष्ट्रीय प्रमाणित केंद्र बनकर उभरा है। केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त राष्ट्रीय मूल्यांकनकर्ताओं की टीम ने दोनों स्वास्थ्य केंद्रों का दो दिवसीय गहन निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, मरीज सुविधाएं, स्वच्छता, प्रबंधन व्यवस्था और प्रोटोकॉल पालन का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।



### जिले के अन्य उप स्वास्थ्य केंद्र भी प्रमाणित

इसके अतिरिक्त उप स्वास्थ्य केंद्र अनतपुर, भाकरा, किंवाइबलेगा, देवखारगांव और केरावाही भी नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स प्रमाणित हो चुके हैं। इस उपलब्धि से जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति आमजन का भरोसा और मजबूत होगा।

### डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की मेहनत रंग लाई

इस उपलब्धि में डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की समर्पित मेहनत का अहम योगदान रहा। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के नेतृत्व में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भावना महलवार ने समन्वय मजबूत बनाए रखा। वहीं यूनिसेफ छत्तीसगढ़ की तकनीकी टीम ने भी निरंतर सहयोग दिया।

## पेज 11 के शेष

### समस्याओं का समाधान...

मांग आवेदन और 517 शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त हुए थे। सरकार और निगम प्रशासन इन सभी आवेदनों को दस्तावेजों में निराकृत दिखा रहा है, लेकिन वास्तविकता इसके ठीक उलट है। धरातल पर स्थिति यह है कि आवेदनकर्ता आज भी अपनी बुनियादी मांगों के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। हितग्राहियों को इस बात की जानकारी तक नहीं है कि प्रशासन ने उनके आवेदनों को बिना किसी ठोस कार्रवाई के फाइलों में बंद कर दिया है। इस दौरान जिला महामंत्री अभिषेक नायडू, शेख जाहिद हुसैन, अनुराग महतो, रवि शंकर तिवारी, पार्षद राकेश मौर्य, शुभम यदु, अफरोज बेगम, लोकेश चौधरी, राजेंद्र पटवा, सहदेव, मोहसिन खान मनोज साहनी, एम. ज्योति राव आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

**मूलभूत सुविधाओं के लिए भटक रहे हितग्राही:** नेता प्रतिपक्ष श्री चौधरी ने कहा कि वर्ष 2025 में बड़ी संख्या में लोगों ने पट्टा प्राप्ति, शौचालय निर्माण, एकल बत्ती बिजली कनेक्शन और सड़क-पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए गुहार लगाई थी। विडंबना यह है कि महीनों बीत जाने के बाद भी इन फाइलों पर कोई काम नहीं हुआ। भाजपा सरकार सुशासन का ढिंढोरा पीट रही है, जबकि गरीब जनता अपने जायज हक के लिए आज भी भटकने को मजबूर है।

**योजनाओं के नाम पर केवल दिखावा:** श्री चौधरी ने कहा कि सरकार की महतारी योजना को लेकर भी नगर निगम क्षेत्र में भारी असंतोष है। वर्ष 2025 में निगम क्षेत्र के भीतर नए आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जा रहा है, जिससे पात्र महिलाएं योजना के लाभ से वंचित हैं। व्यवस्था की बदहाली का आलम यह है कि निराश्रित और विधवा महिलाएं पेंशन जैसी मामूली आर्थिक सहायता के लिए भी दर-दर की ठोकरें खा रही हैं।

### बीमा कंपनी नामिनी...

करवा करवाया था। आवेदक की पत्नि की बीमा अवधि के दौरान मृत्यु होने पर आवेदक द्वारा आवश्यक दस्तावेज सहित बीमा कंपनी के समक्ष बीमा दावा प्रस्तुत किया गया था। बीमा कंपनी द्वारा लंबे समय तक दावे का निराकरण नहीं किया गया था और पूर्व बीमारी छुपाने से बीमा शर्तों का उल्लंघन किए जाने के कारण आवेदक का दावा निरस्त किया गया था। इससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने यह माना कि बीमा कंपनी यह प्रमाणित करने में असफल रही कि आवेदक की पत्नि पूर्व में किसी बीमारी से पीड़ति थी। बीमा कंपनी को पॉलिसी जारी करने के पहले व्यक्ति की मेडिकल जांच कर लेनी चाहिए और आमतौर पर बीमा कंपनी का अधिकृत डॉक्टर फिटनेस के आंकलन के लिए बीमा धारक की जांच करता है और पूर्ण संतुष्टि के बाद ही बीमा पॉलिसी जारी की जाती है। इस प्रकार पहले से मौजूद बीमारी के आधार पर दावे को निरस्त करना अमान्य किया जाता है। इस संबंध में आवेदक को हुई मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रुपए पृथक से दिए जाने का भी आदेश पारित किया गया है।

### 14 पेड़ों के चलते...

विशेष कक्ष और तकनीक होगी। कार्यालय में आरामदायक वेटिंग एरिया, टोकन सिस्टम, पेयजल और दिव्यांग-अनुकूल सुविधाएं होंगी। बताया जा रहा है कि नए उप पंजीयक कार्यालयों के संचालन से पंजीयन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुगम होने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। लोगों को पंजीयन से जुड़े कार्यों में अनावश्यक भागदौड़ से मुक्ति मिलेगी।

### चाकू लेकर लोगों...

चाकू रखकर आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है। सूचना पर टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंची जहां एक युवक अपने कब्जे में बटनदार चाकू लहराकर धमकाते हुए मिला, उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम हरीश तांती 26 साल निवासी नयामुंडा तिरंगा चौक का रहने वाला बताया। उसके कब्जे से बटनदार चाकू जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

## खबर संक्षेप

### नक्सलवाद उन्मूलन नीति पर 40 लाख स्वीकृत

**बीजापुर।** वामपंथी उग्रवाद प्रभावित हिंसा, सीमा पर से गोलीबरी तथा बारूदी सुरंग, आईईडी विस्फोटों में पीड़ित आम नागरिकों के परिवार की सहायता के लिए केन्द्रीय योजना से संबंधित संशोधित दिशा-निर्देशानुसार 24 अगस्त 2016 से पूर्व घटित घटनाओं के लिये 3 लाख रूपये तथा 24 अगस्त 2016 को अथवा इसके पश्चात हुई घटनाओं के लिये 5 लाख रूपये कुल 40 लाख रूपये सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### जनसमस्या निवारण शिविर आज

**बीजापुर।** नगरपालिका क्षेत्र में कुल सात वार्डों के नागरिकों के लिए सुशासन तिहार अन्तर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 8 मई को वार्ड क्रमांक 11 में पुलिस थाना के समीप दुर्गा पंडाल में आयोजित होगा। जिसमें सम्मिलित वार्ड शहीद बुधराम राना नगर वार्ड क्रमांक 1, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक 2, बीजा हल्बा वार्ड क्रमांक 3, महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 4 प्रवीर चन्द्र वार्ड क्रमांक 13, चिकट राज वार्ड क्रमांक 14, शहीद नारायण नगर वार्ड क्रमांक 15 के नागरिक अपनी मांगों एवं समस्या के संबंध में आवेदन दे सकेंगे। उक्त शिविर का नोडल अधिकारी तहसीलदार बीजापुर पंचराम सलामे और सहायक नोडल अधिकारी श्रुति बंसोर को बनाया गया है।

### रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्ति

**बीजापुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बीजापुर द्वारा स्थानीय निर्वाचन पंचायतों के लिए अभिषेक तंबोली को रिटर्निंग आफिसर भैरमगढ़ तथा प्रियंका बाजारा तहसीलदार भैरमगढ़ को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। इसी तरह जनपद पंचायत उसूर के लिए देवनदन तहसीलदार उसूर को रिटर्निंग तथा प्रभाकर चन्द्राकर को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत बीजापुर के लिए पंचराम सलामे को रिटर्निंग तथा हिमांशु साहू एवं भोजराज सिंह को सहायक रिटर्निंग आफिसर एवं जनपद पंचायत भोपालपटनम के लिए आदित्य कुंजाम को रिटर्निंग तथा लक्ष्मण राठिया को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया हे।

## निधन

### देवेंद्र कुमार जैन



**जगदलपुर।** प्रतापगंजपारा निवासी दिगम्बर समाज के वरिष्ठ सदस्य देवेंद्र कुमार जैन का 90 वर्ष की आयु में रायपुर में उपचार के दौरान गुरूवार को निधन हो गया है। वे अतुल जैन एवं दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनूप जैन के पिता थे। अंतिम यात्रा शुक्रवार सुबह 9.30 बजे उनके निज निवास प्रतापगंजपारा से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

### जयश्री राठौड़



**जगदलपुर।** जलाराम मंदिर गली निवासी जयश्री राठौड़ का गुरूवार की मध्यरात्रि निधन हो गया। वे गुजराती समाज के धीरज लाल राठौड़ की पत्नि एवं योगेश व होमेश राठौड़ की माताजी थीं। उनका अंतिम संस्कार गुरूवार दोपहर समाजजनों की उपस्थिति में मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे 2 पुत्री एवं नाती, पोतों से भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

# जहां लगती थी मूलवासी बचाव मंच की चौपाल, वहां सुनी जा रही समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

नक्सल समस्याओं एवं घटनाओं को लेकर सुर्खियों में रहा गोमपाड़ गांव में सुशासन तिहार का शिविर लगा। डिप्टी कलेक्टर कोंटा एसडीएम सुभाष शुक्ला की मौजूदगी में लगे इस शिविर में ग्रामीणों ने अनेक मूलभूत समस्याओं को लेकर आवेदन किया। ज्ञात हो कि यह वही गोमपाड़ गांव है जहां कभी जाने के लिए पांच सौ जवानों का सुरक्षा कवच बिछाना पड़ता था। इस गांव में वर्षों तक मूलवासी बचाओ मंच के बैनर तले कई सभाएं होती थी। शासन तक अनेक बिंदुओं में मांगे रखी जाती थी जिसकी गूंज राजधानी तक सुनाई देती थी। नक्सल समस्या के बीच यह मूलवासी बचाओ मंच काफी सुर्खियों में रहा जिसे पूर्व की शासन द्वारा ने बैन भी कर दिया था। जैसे-जैसे परिस्थितियां बदलते गई सब सामान्य होता गया। साय सरकार शासन सुशासन तिहार लेकर इस अतिसंवेदनशील गांव गोमपाड़ पहुंची और ग्रामीण के समस्याओं को अपने संज्ञान में लेकर उचित आश्वासन व विभाग वार समस्याओं के निदान के लिए निर्देशित किया। गोमपाड़ में बुधवार को आयोजित सुशासन तिहार में पंचायत व ग्रामीण विकास से संबंधित बारह आवेदन शिक्षा विभाग के, दो कृषि एवं विद्युत विभाग, क्रेडा, स्वास्थ्य, आदिवासी विकास विभाग तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से एक एक आवेदन प्राप्त हुए।

■ गोमपाड़ में भरे गये सुशासन तिहार के आवेदन



### भाजपा नेता ने मूलवासी मंच के सदस्यों को दिलाया भरोसा

गांव-गांव द्वार-द्वार के तहत सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्रामीणों की समस्याओं को जानने तथा विभिन्न विभागों के लिए प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण करने भाजपा नेताओं व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में साय सरकार की समस्या निवारण शिविरों में भाजपा नेताओं व जनप्रतिनिधियों का भी पहुंचना हो रहा है। कोंटा के पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष पार्षद पी. विजय ने बुधवार को गोमपाड़ शिविर पहुंचे। ग्रामीणों की समस्याओं को करीब से जाना और मूलवासी बचाओ मंच के सदस्यों से मिलकर गांव की परिस्थितियों जान उन्हें प्रेरित करते हुए सबका साथ सबका विकास के तहत सभी मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। अधिकारियों से उचित निराकरण कर गांव को पटरी पर लाने को लेकर चर्चा की। अधिकारियों के साथ मिलकर सरकार के योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया।

## हल्बारास में हुआ जनसमस्या निवारण शिविर

# 72 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दी दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

सुशासन तिहार अंतर्गत कुआकोंडा विकासखंड के ग्राम पंचायत हल्बारास में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर हल्बारास क्लस्टर की 9 ग्राम पंचायतों हल्बारास, मैलावाड़ा, कुआकोंडा, गड़मीरी, रेंगानार, नकुलनार, हीतावर, गोंगपाल एवं बड़ेहड़मामुंडा को सम्मिलित कर आयोजित किया गया। शुभारंभ सुशासन तिहार, प्रशासन गांव की ओर थीम के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुआकोंडा सुकालू मुडामी, जनपद सदस्य मनीषा कोराम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

■ पशुपालकों के लिए अनिवार्य रूप से किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के निर्देश

पंचायत के नोडल अधिकारी देवेंद्र उईके ने शिविर की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत प्राप्त विभागीय मांगों एवं शिकायतों का त्वरित, प्रभावी एवं पारदर्शी निराकरण करना है। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, कृषि, आयुष, खाद्य, महिला एवं बाल विकास, इंडिया पोस्ट, पशु चिकित्सा, मत्स्य पालन, सहकारिता, बिजली, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, लोक निर्माण, श्रम, आदिवासी विकास, स्वास्थ्य, क्रेडा, पीएमजीएसवाय, अंत्यावसायी एवं आधार विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी एवं सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में कुल 103 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण की कार्रवाई संबंधित विभागों द्वारा की जा रही है। जिनके निराकरण पश्चात आवेदकों को सूचित भी किया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने जनसमस्या निवारण शिविर का निरीक्षण कर विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीण जनों से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर विभिन्न विभागों से जानकारी एवं लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सहकारिता विभाग को पशुपालकों के लिए अनिवार्य रूप से किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के निर्देश दिए।

साथ ही आगामी शिविरों का आयोजन मोबाइल नेटवर्क क्षेत्र में करने, सभी विभागों द्वारा योजनाओं एवं बैंक खाता खोलने हेतु हार्ड कॉपी आवेदन फार्म उपलब्ध कराने तथा आवास एवं पेंशन हितग्राहियों को आगामी शिविरों में ही राशि भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग ने 72 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयों का वितरण किया गया। मत्स्य विभाग द्वारा 3 किसानों को जाल वितरण किया गया। वहीं 11 हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड तथा 10 लोगों को श्रमिक कार्ड वितरित किए गए।



### केसीसी से संवरेगी खेती की राह



**दंतेवाड़ा।** जिले में सुशासन की अवधारणा को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से आयोजित सुशासन तिहार आज किसानों के लिए खुशहाली का नया पैगाम लेकर आया है। ग्राम हल्बारास में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान उस वक्त एक सुखद दृश्य देखने को मिला, जब बड़ी संख्या में किसानों की समस्याओं का न केवल त्वरित निराकरण किया गया, बल्कि उन्हें शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से सीधे लाभान्वित भी किया गया। इस शिविर की सबसे बड़ी उपलब्धि किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण और नवीनीकरण रही, जिसने खेती-किसानी को एक नई दिशा देने का मार्ग प्रशस्त किया है। शिविर के दौरान ग्राम हल्बारास के प्रगतिशील किसान हिराधर भागरथी के चेहरे पर उस समय आत्मसंतुष्टि की मुस्कान तैर गई, जब उन्हें अपना किसान क्रेडिट कार्ड प्राप्त हुआ। अपनी भावनाओं को साझा करते हुए उन्होंने शासन और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया और बताया कि उनके पास 7 एकड़ से अधिक उपजाऊ भूमि है, लेकिन अब तक संसाधनों की कमी एक बड़ी बाधा थी। उन्होंने विश्वास जताया कि इस कार्ड के माध्यम से अब उन्हें बैंक से सुलभ ऋण प्राप्त होगा, जिससे वे खाद, उन्नत बीज और आधुनिक कृषि उपकरणों की व्यवस्था समय पर कर सकेंगे।

# जिपं सदस्य ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर ब्लॉक के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 में जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप ने बुधवार को विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। ग्राम पंचायत मधोता-2 के मुंडकटिया पारा में नवा तरिया निर्माण कार्य का 15 लाख तथा भालुगुड़ा में 6 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, सामाजिक संस्था के कार्यकर्ताओं एवं रोजगार सहायकों की उपस्थिति में आगामी विकास कार्यों पर चर्चा हुई। नवा तरिया का निर्माण कार्य रोजगार दिवस से ही प्रारंभ कर आगामी बारिश से पहले पूर्ण किया जाएगा, ताकि जल संरक्षण के साथ ग्रामीणों को रोजगार का भी लाभ मिल सके। नवा तरिया निर्माण के बाद महिला समूहों को मत्स्य पालन, सब्जी उत्पादन, सिंचाई व अन्य स्वरोजगार गतिविधियों से जोड़कर स्थायी आय के अवसर उपलब्ध कराने पर भी सहमति बनी।

जिला पंचायत सदस्य ने विकास कार्यों को लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार की सराहना करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार की योजनाओं से गांव-गांव तक विकास पहुंच रहा है। नवा तरिया जैसे कार्य जल संरक्षण के साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में बस्तर मंडल अध्यक्ष सुकदेव मंडावी, सरपंच ईश्वर मंडावी, ग्राम पटेल उरदेश्वर ठाकुर, पुजारी उमाशंकर ठाकुर एवं कामेश्वर मांझी, बस्तर सेवक मंडल गजानन शेन्द्रे व कैलाश चौहान, कोटवार श्यामलाल मंडावी, रोजगार सहायक हेमराज मौर्य, पंच संपत मंडावी, सुकराम मंडावी एवं तुला पोयाम, तथा ग्राम प्रमुख सन्नु मंडावी, बालसिंह मौर्य, दौलत मंडावी, अमट मंडावी, सोमारू, जकुर, मानसिंह, कहरू सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने ग्राम विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने और आजीविका संवर्धन गतिविधियों को बढ़ावा देने पर सहमति जताई।

# तेलीन सती महोत्सव में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा जिला साहू संघ के अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू ने बताया कि आगामी 17 मई को केशकाल में आयोजित होने वाले प्रदेश के प्रथम तेलीन सत्ती माता महोत्सव को लेकर बस्तर संभाग में तैयारियां जोरों पर हैं। बुधवार को पथरागुड़ा स्थित सामाजिक भवन में संभाग के सभी अध्यक्षों और पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें महोत्सव की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

■ महोत्सव की तैयारियां तेज

बैठक के दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बस्तर के जनप्रतिनिधियों को महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। इस क्रम में समिति ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव, सांसद महेश कश्यप, बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज तथा बस्तर राजपरिवार के सदस्य कमलचंद्र भंजदेव के निवास पहुंचकर निमंत्रण पत्र सौंपा। सभी जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति प्रदान की है। महोत्सव को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए आयोजन समिति लगातार प्रयासरत है तथा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बैठक में आयोजन समिति के प्रदेश संगठन सचिव ओमप्रकाश साहू, प्रदेश कार्यसमिति के टीआर साहू, सुभाष गंजीर, राजेश मयाराम साहू जिला अध्यक्ष, कोण्डागांव, अशोक कुमार साहू महासचिव, हरिलाल साहू जिलाध्यक्ष बस्तर, जागेश्वर साहू, एनआर साहू जिलाध्यक्ष, दंतेवाड़ा, गुप्तेश्वर गंगबेर, बिरस प्रसाद साहू, गिरजाशंकर साहू, अनिल हिरवानी, विजय साहू, मनोज कुमार साहू सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# भटपाल में गूंजा खेल और विकास का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कभी नक्सल प्रभाव और दहशत के लिए पहचाने जाने वाले अतिसंवेदनशील क्षेत्र ग्राम पंचायत बड़ेकेड़वाल के आश्रित ग्राम भटपाल में अब बदलाव की तस्वीर दिखाई दे रही है। गांव में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरीश कवासी पहुंचे, जहां उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किया। ग्रामीणों और युवाओं की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में हरीश ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा देने और समाज में भाईचारे को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने ग्रामीण अंचलों में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर माड़वी देवा, लक्ष्मण मंडावी, बुरकापाल सरपंच लक्ष्मण मंडावी, एलमागुंडा सरपंच, भटपाल पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला



### ग्रामीणों की समस्या सुन जल्द निराकरण का दिया आश्वासन

वहीं ग्रामीणों ने क्षेत्र की सड़क, बिजली, पेयजल एवं अन्य मूलभूत समस्याओं से कांग्रेस जिलाध्यक्ष को अवगत कराया। हरीश कवासी ने ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि वे इन मुद्दों को जिला प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखेंगे और जल्द निराकरण के लिए पहल करेंगे।

# शिविर में 48 आवेदन प्राप्त, 38 का मौके पर समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सुशासन तिहार के तहत नगर पंचायत बारसूर के वार्ड क्रमांक 1, 2 एवं 3 के नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए नगर पंचायत कार्यालय में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वार्डवासियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में कुल 48 आवेदन दर्ज किए गए। इनमें वार्ड क्रमांक 1 से 24, वार्ड क्रमांक 2 से 23 और वार्ड क्रमांक 3 से 1 आवेदन प्राप्त हुए। नागरिकों की सुविधा के लिए शिविर स्थल पर ही 21 लोगों का आधार कार्ड पंजीयन किया गया और 17 नागरिकों के श्रम कार्ड बनाए गए। आवेदनों में हैण्डपम्प खनन, प्रधानमंत्री आवास योजना, नए राशन कार्ड, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, सोलर ऊर्जा संयंत्र, स्ट्रीट लाइट लगाने, भूमि पट्टा वितरण तथा विभिन्न निर्माण कार्यों से संबंधित मांगें प्रमुख रहीं। संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शिविर में मौजूद रहे। उन्होंने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना। कई मामलों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों को समय-सीमा में निपटाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, समस्त वार्ड पार्षद, विधायक प्रतिनिधि, मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं नगर पंचायत के कर्मचारीगण उपस्थित थे।



# ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा, तीन गिरफ्तार एक सटोरिया का संबंध क्लब संचालक से

**रायपुर।** बाबू खेमानी से जुड़े तीन सटोरियों को तेलीबांधा थाने की पुलिस ने लग्जरी गाड़ी में सट्टा संचालित करते गिरफ्तार किया है। सटोरियों के कब्जे से पुलिस ने पांच महंगे मोबाइल फोन के साथ दो लग्जरी कार जब्त की है। पुलिस ने सट्टा संचालित करने के 15 प्रकरण दर्ज कर 74 आरोपियों की गिरफ्तारी करने के साथ 67 लाख रुपए के करीब नकदी रकम जब्त की है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने ऑनलाइन बैटिंग साइट्स गोल्ड 777 डॉट कॉम नामक आईडी से ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा संचालित करने के आरोप में नमन जग्गी आयुष जैन तथा मोहम्मद सरफराज मामदानी को गिरफ्तार किया है। नमन अपने दो अन्य साथियों को मास्टर आईडी बेचकर सट्टा संचालित कर रहा था। गिरफ्तार सटोरियों के बाबू खेमानी के साथ किस तरह तार जुड़े हैं, पुलिस इसकी पड़ताल कर रही है।

### *सटोरियों का लिंक नागपुर तक फैला*

*बताया जा रहा है, सटोरियों ने पुलिस पूछताछ में बताया है कि उनका लिंक रायपुर के साथ राज्य के अन्य शहरों तक है। इसके अलावा सटोरियों के नागपुर से लिंक होने की जानकारी पुलिस को मिली है। इनपुट के आधार पर पुलिस की एक टीम को तत्काल नागपुर रवाना किया गया है। इसके अलावा नमन का तार टिकरापारा थाना क्षेत्र के एक बड़े सटोरिया जो दुबई शिफ्ट हो गया है, उससे जुड़े होने की जानकारी मिली है।*

# डीआरआई के इनपुट पर पुलिस ने एक ट्रैवल एजेंसी से जब्त किए 16 लाख रुपए के चिल्हर नोट

**रायपुर।** ट्रैवल एजेंसी के माध्यम से बस में पार्सल के माध्यम से 10 और 20 रुपए के चिल्हर नोट ले जाते पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस ने जब्ती की कार्रवाई डीआरआई के इनपुट पर की है। डीआरआई को रायपुर से इंदौर जाने वाली हंस ट्रैवल्स की बस से संदिग्ध बोरी पार्सल के माध्यम से भेजे जाने की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंची डीआरआई की टीम को जांच में तीन संदिग्ध बोरियां मिलीं।

बोरी खोलकर देखने पर प्लास्टिक में पैक नोट मिले। इसके बाद डीआरआई ने मामले की जानकारी राजेंद्र नगर पुलिस को दी। पुलिस के मुताबिक हंस ट्रैवल्स के जरिए रकम कोलकाता से दिल्ली भेजी जा रही थी। जांच में 20 रुपए के 400 और 10 रुपए के 800 बंडल मिले। पुलिस ने रकम जब्त कर बीएनएसएस की धारा 106 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने रकम जब्त करने की जानकारी आयकर विभाग को भी दी है। हंस ट्रैवल्स के कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है और पार्सल बुक कराने वाले व्यक्ति की पहचान करने की कोशिश जारी है। जरूरत पड़ने पर बाकी एजेंसियों की भी मदद ली जाएगी। पुलिस ने ट्रैवल्स एजेंसी के मैनेजर से जानकारी जुटाने कहा है कि कोलकाता से उक्त रकम किसने बुक की है।



HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### तकनीक और हौसले से महकी तुलसा बघेल की बाड़ी



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के कलचा गांव की रहने वाली तुलसा बघेल आज ग्रामीण सशक्तिकरण की एक नई इबारत लिख रही हैं। कभी पारंपरिक खेती और संसाधनों के अभाव में गुजर-बसर करने वाली तुलसा ने तकनीकी सुधारों को अपनाकर न केवल अपनी किस्मत बदली है, बल्कि अपनी आधा एकड़ जमीन को भी आय का मुख्य स्रोत बना दिया है। उनके जीवन में बदलाव की यह कहानी साल 2020 में स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के साथ शुरू हुई, जहां से उन्होंने आत्मविश्वास और तकनीक की पहली सीख ली।

शुरुआती दिनों में जानकारी के अभाव और सिंचाई की सुविधा न होने के कारण तुलसा केवल वर्षा आधारित खेती ही कर पाती थीं, लेकिन समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने सबसे पहले मात्र 7 हजार रुपए का छोटा कर्ज लेकर बाड़ी विकास की दिशा में कदम बढ़ाया। कृषि विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में उन्होंने मचान विधि और लाइन कतार पद्धति जैसी उन्नत तकनीकों को अपनाया। जैसे-जैसे आमदनी बढ़ती गई, उन्होंने खेती के विस्तार के लिए बैंक लिंकेज के माध्यम से 60 हजार रुपए का ऋण लिया और अपने खेत में बोरवेल की स्थापना कराई। इस एक कदम ने उनकी खेती की पूरी तस्वीर बदल दी। क्योंकि अब वे साल भर फसलों का उत्पादन करने में सक्षम हो गई हैं। वर्तमान में तुलसा बघेल ने सब्जी उत्पादन को अपना मुख्य व्यवसाय बना लिया है, जिसमें उन्होंने पत्ता गोभी, मटर और भिंडी की सफल पैदावार ली है। अब वे आगामी खरीफ सीजन के लिए भिंडी, तोरई और खीरा जैसी फसलों की तैयारी में जुट गई हैं। खेती से प्राप्त मुनाफे का उपयोग उन्होंने बहुत ही समझदारी से किया है। उन्होंने अपने कच्चे मकान को पक्के मकान में तब्दील कर लिया है और अपनी बेटी की शादी की तैयारी भी कर रही हैं। अपनी मेहनत से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ी तुलसा अब केवल कृषि तक सीमित नहीं रहना चाहती। भविष्य की योजनाओं को लेकर वे बताती हैं कि वे जल्द ही मुर्गी पालन के क्षेत्र में कदम रखने जा रही हैं।

# सल्फी को नई पहचान देने की कोशिश: बस्तर के हर्षवर्धन का अनोखा प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की पहचान मानी जाने वाली पारंपरिक पेय "सल्फी" को नई वैज्ञानिक सोच और आधुनिक प्रयोगों के माध्यम से स्वास्थ्यवर्धक पेय के रूप में स्थापित करने की दिशा में युवा नवाचारक हर्षवर्धन बाजपेयी महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित "इनोवेशन महाकुंभ 1.0" में उनके इस प्रयोग को विशेष सराहना मिली और उन्हें "न्यू इनोवेशन अवार्ड" में तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

हर्षवर्धन "बस्तर इंडिजीनियस नेक्टर एग्रीकल्चर्स" के माध्यम से सल्फी पेय की सेल्फ लाइफ बढ़ाने पर कार्य कर रहे हैं।

## इनोवेशन महाकुंभ 1.0 में मिला सम्मान, सल्फी की गुणवत्ता और उपयोगिता बढ़ाने पर कर रहे काम

### बस्तर की संस्कृति से जुड़ी है सल्फी

सल्फी बस्तर की आदिवासी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। इसे स्थानीय लोग "बस्तर बीयर" के नाम से भी जानते हैं। यह कैरियोटा यूरेन्स नामक ताड़ प्रजाति के पेड़ से निकलने वाला मीठा रस है। ताजा सल्फी का स्वाद नारियल पानी की तरह मीठा और ताजगीभरा होता है, लेकिन कुछ घंटों बाद इसमें प्राकृतिक खमीर बनने लगता है, जिससे यह हल्का नशीला हो जाता है। ग्रामीण और आदिवासी समुदायों में सल्फी का सामाजिक और सांस्कृतिक तौर पर विशेष महत्व है। विवाह, पारंपरिक उत्सव और सामाजिक आयोजनों में इसे प्रमुखता से परोसा जाता है। कई ग्रामीण परिवारों की आजीविका भी सल्फी पर निर्भर है। स्थानीय लोग इसे पेट संबंधी समस्याओं के लिए लाभकारी भी मानते हैं।





### जीआई टैग दिलाने का सपना

हर्षवर्धन का सपना है कि बस्तर की इस पारंपरिक पेय को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिले। वे चाहते हैं कि सल्फी को स्वास्थ्यवर्धक प्राकृतिक पेय के रूप में प्रचारित किया जाए और भविष्य में इसे बस्तर के लिए जीआई टैग भी प्राप्त हो। उनका मानना है कि यदि सल्फी की गुणवत्ता और उपयोगिता को वैज्ञानिक तरीके से संरक्षित किया जाए, तो यह बस्तर के आदिवासी उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने का माध्यम बन सकती है।

उनका उद्देश्य सल्फी के प्राकृतिक स्वाद और पोषक गुणों को लंबे समय तक सुरक्षित रखना है, ताकि यह केवल पारंपरिक पेय तक सीमित न रहकर स्वास्थ्यवर्धक प्राकृतिक ड्रिंक के रूप में भी पहचान बना सके।

उन्होंने बताया कि सल्फी का रस पेड़ से निकालने के कुछ समय बाद ही प्राकृतिक रूप से किण्वित होने लगता है, जिससे यह हल्का मादक पेय बन जाता है। यही कारण है कि इसे लंबे समय तक सुरक्षित रखना चुनौतीपूर्ण रहा है। हर्षवर्धन ने अपने प्रयोगों के माध्यम से इस फरमेंटेशन प्रक्रिया की अवधि को नियंत्रित करने में सफलता प्राप्त की है, जिससे सल्फी की मूल गुणवत्ता और स्वाद को अधिक समय तक सुरक्षित रखा जा सके।



## दलपत सागर आने वाले पक्षियों की संख्या में भारी गिरावट

# बस्तर से मुंह मोड़ रहे प्रवासी मेहमान!


हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ऐतिहासिक दलपत सागर प्रवासी पक्षियों के लिए हमेशा एक सुरक्षित और सकुनदायक शरणस्थली के रूप में रहा है। विगत कुछ वर्षों से यहां जल स्तर में गिरावट और पारिस्थितिक असंतुलन के कारण पक्षियों की संख्या में उतार-चढ़ाव


- **जल को स्वच्छ व प्रदूषण रहित रखना सबकी जवाबदारी**

देखा जा रहा है। पक्षी विशेषज्ञों का कहना है कि प्रवासी पक्षी हर साल हजारों किलोमीटर की यात्रा कर शहर में स्थित दलपत सागर पहुंचते हैं लेकिन अब कई तरह की दिक्कतों के कारण उनकी संख्या में भारी कमी दर्ज की जा रही है। हमें संयुक्त रूप से प्रयास कर इसे पक्षी विहार के रूप में विकसित करना होगा। हालांकि निगम प्रशासन दलपत सागर को संवारने हर संभव प्रयास कर रहा है।


जलाशय प्रवासी पक्षियों के लिए स्टॉप ओवर का कार्य करता है। सागर में मुख्य रूप से स्पॉट बिल्ड पेलिकन, पलाश गल, ब्राउन हेडेड गल, रूडी ब्रेस्टेड क्रैक, बैलेंस क्रैक, रेड क्रीस्टेट पोचार्ड, यूरेशियन वैगन, ग्रेट कोरमोरेंट, स्नेक बर्ड, स्लेटी ब्रेस्टेड रेल, वाटर कॉक, येलो बीटर्न, लिटिल बीटर्न, रूडी शेल डक, बार

















हेडेड गूज, कामन स्वांप हैन, कामन मूर हैन, ब्लैक बीटर्न, पर्पल हैरान, ग्रे हैरान, यूरेशियन स्नाईप, ग्रेट पेंटेड स्नाईप, कामन स्निप, फिशेंट टेल्ड, जकाना, ब्रोंज विंग्ड जकाना प्रजाति की पक्षियां पहुंचती हैं। इसके अलावा और भी बहुत सारे पक्षी दलपत सागर पर आश्रित हैं। इन सब पक्षियों के लिए एक बहुत ही मुफीद शरण स्थली दलपत सागर है। जैव विविधता से भरे हुए इस ऐतिहासिक महत्व के दलपत सागर की रक्षा करना और इसको सुरक्षित रखना नागरिकों का भी दायित्व है। नाइट्रोजन और फास्फोरस युक्त अपशिष्ट जल जब तक जलाशय में आता रहेगा जलीय खरपतवार तालाब में उगते रहेंगे और तालाब धीरे-धीरे ऊथला होता जावेगा।

### दलपत सागर शोध का केंद्र

प्रो. सुशील दत्ता ने बताया कि दलपत सागर में मत्स्याखेट के साथ साथ शोध का केंद्र भी है, जिसमें जैव विविधता जैसे विभिन्न प्रकार के कीट मछली और अन्य जंतु यहां पर पलते बढ़ते हैं। इस जलाशय में स्थानीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों के अलावा बाहर से आकर भी शोधार्थी कार्य करते हैं और समय-समय पर अपना शोध पत्र प्रकाशित करते हैं।

# चावल महोत्सव के साथ गूंजे रोजगार और आवास पूर्णता के संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में गुरुवार को ग्रामीण विकास और सशक्तिकरण का एक अनूठा दृश्य देखने को मिला। शासन के निर्देशानुसार आयोजित चावल महोत्सव को रोजगार दिवस और आवास दिवस के साथ एकीकृत कर एक वृहद अभियान के रूप में मनाया गया। इस विशेष अवसर पर जिले भर में न केवल खाद्यान्न सुरक्षा पर चर्चा हुई, बल्कि बुनियादी सुविधाओं और आजीविका के अवसरों को सुदृढ़ करने के लिए दूरगामी निर्णय लिए गए।

आवास दिवस के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति पर ध्यान केंद्रित करते हुए बस्तर प्रशासन ने स्पष्ट रणनीति साझा की, जिसके तहत निर्माणाधीन आवासों को अधिकतम 90 दिनों के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ग्राम सभाओं में यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि लंबित जियो-टैगिंग कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा किया जाए ताकि हितग्राहियों को समय पर किस्तों का लाभ मिल सके। इसी कड़ी में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सभी आवास हितग्राहियों को अपने परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया।

जिले को आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मनरेगा और आजीविका मिशन के कार्यों की गहन समीक्षा की गई। रोजगार दिवस के दौरान यह तय किया गया कि जिले में प्रगतिरत सभी कार्यों को मई माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जाए और ग्रामीणों की मांग के अनुरूप तत्काल नए कार्य स्वीकृत कर प्रारंभ किए जाएं। आजीविका संवर्धन के लिए आजीविका डबरी के माध्यम से लाइवलीहुड लेयरिंग यानी एक ही स्थान पर बहुआयामी कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई, जिससे स्व-सहायता समूहों की दीदियों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके।

जल प्रबंधन के क्षेत्र में जिले के गौरव को बढ़ाते हुए "मोर गांव-मोर पानी-मोर तरिया" अभियान के अंतर्गत "नवा तरिया-आय के जरिया" संकल्प को गति दी गई।

# नुक्कड़ नाटक से ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गुरुवार को ग्राम आड़ावाल में एक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के मार्गदर्शन में

- **विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत बहुउद्देशीय शिविर**

किया गया। ग्राम सरपंच जयंती कश्यप के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस शिविर में कृषि और संबद्ध विभागों के विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को आधुनिक खेती और पशुपालन के गुर सिखाए।

शिविर के दौरान कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिकों ने ग्रामीण विकास के लिए तकनीकी नवाचारों पर जोर देते हुए नील हरित शैवाल के लाभ, उन्नत नस्लों के चयन और पराली प्रबंधन जैसी ज्वलंत समस्याओं के समाधान पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान डॉ. नीता मिश्रा, डॉ. जागेश्वरी तिग्गा और वेणुलता कोड़ोपी जैसे विशेषज्ञों ने विभागीय



योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि कैसे किसान इन सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं। कार्यक्रम में तब एक विशेष उत्साह देखा गया जब वेटनरी पॉलीटेक्निक के 16 विद्यार्थियों ने भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक प्रभावी नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। इस नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने पशुपालन के आर्थिक महत्व और विभाग की योजनाओं को इतने सरल और आकर्षक अंदाज में पेश किया कि ग्रामीणजन मंत्रमुग्ध हो गए। इस ज्ञानवर्धक शिविर का सकारात्मक असर मौके पर ही देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में किसानों ने विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने हेतु तत्काल आवेदन जमा किए। कार्यक्रम के सफल संचालन में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शैलेश कुमार मरकाम, पटवारी खीरेंद्र ध्रुव, सचिव तुलसी साहू सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पशु सखियों और मितानिनों का विशेष योगदान रहा। सामूहिक भागीदारी और उत्साह के बीच संपन्न हुए इस शिविर ने आड़ावाल के किसानों को उन्नत और आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में एक नई ऊर्जा प्रदान की है।

# सरकार गांव, गरीब, किसान और मजदूरों के हित में कार्य कर रही : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने और आम जनता को बेहतर सड़क एवं अधोसंरचना उपलब्ध कराने की दिशा में ग्राम पंचायत बिंता में विभिन्न विकास कार्यों का

- **बिंता में 1148 .52 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन, क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई गति**

भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल ने 1148.52 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को विकास की बड़ी सौगात दी। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सड़क, पुल-पुलिया, सामुदायिक भवन एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार



से गांवों की तस्वीर बदल रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क संपर्क स्थापित होने से शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और आवागमन की सुविधाएं मजबूत होंगी तथा किसानों और ग्रामीणों को सीधे लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति मिली है, जिनका आज भूमिपूजन किया गया। इनमें भेजा से मुण्डापारा तक 2.93 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य 331.97 लाख की लागत से होगा। इसी प्रकार सतसपुर डोगरीपारा से महारापारा टोवर (करेकोट) तक 2.20 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य 223.02 लाख की लागत से, ककनार कलारपारा से कुसुमगुड़ा वाया खैरगुड़ा तक 2.78 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य 326.37 लाख की लागत,पालम से पुसपाल रोड द्ववारमुण्डया तक 2.16 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य 252.37 लाख की लागत से किया जाएगा। इन सड़कों के निर्माण से दूरस्थ गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने में बड़ी सहायता मिलेगी तथा ग्रामीणों को वर्षभर सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। ग्राम पंचायत बिंता में मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद के अंतर्गत आरसीसी पुलिया निर्माण कार्य भी स्वीकृत किए गए हैं। इनमें 2 मीटर आरसीसी पुलिया निर्माण कार्य 6 लाख रुपए की लागत से तथा 1.5 मीटर स्पान की आरसीसी पुलिया निर्माण कार्य 3.80 लाख की लागत से कराया जाएगा। इन पुलिया निर्माण कार्यों से बरसात के दिनों में ग्रामीणों को होने वाली आवागमन की कठिनाइयों से राहत मिलेगी। विधायक निधि अंतर्गत बिंता में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 4.99 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। सामुदायिक भवन बनने से गांव में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। ग्रामीणों ने इस सौगात के लिए विधायक एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

विधायक ने कहा कि राज्य सरकार गांव, गरीब, किसान और मजदूरों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की यह श्रृंखला आगे भी जारी रहेगी और क्षेत्र की जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप नई योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके।

इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जनपद अध्यक्ष पदमा कश्यप, उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, मण्डल अध्यक्ष मंगतुराम कश्यप, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, सुदरू सेठिया, अजय बघेल, भरत कश्यप, तरूण पानीग्राही, चन्द्रशेखर ठाकुर, रंजीता जोशी, महेश नाग, गुलमनी, परमेश्वर, नरेश, दीनदयाल, चमलु, एसडीओ, सीईओ स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# हमारा लक्ष्य शहर का कोई भी क्षेत्र विकास में अधूरा ना रहे : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार का दिन शहर में विकास की नई इबारत लिखने वाला रहा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं

- **शहर में 24 करोड़ 72 लाख की विकास कार्यों की सौगात**

विधायक किरण देव, सांसद महेश कश्यप एवं महापौर संजय पांडे ने 24 करोड़ 72 लाख 60 हजार रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस व्यापक अभियान में शहर में ऐतिहासिक दलपत सागर का विकास व सौंदर्यीकरण, सड़क संपर्क व अधोसंरचना के विकास कार्यों का रहा। जो बस्तर के समग्र विकास के प्रति राज्य सरकार की संकल्प व प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

दलपत सागर का विकास व सौंदर्यीकरण कार्य मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना से जिसकी लागत 9 करोड़ 88 लाख 53 हजार रुपए से दलपत सागर का विकास व सौंदर्यीकरण कार्य किया जायेगा। वहीं मुक्तिधाम से समुंद चौक से पावर हाऊस से पंच पथ चौक से आमागुड़ा चौक तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य लागत 10 करोड़ 6 लाख से निमार्ण कार्य किया जायेगा। चित्रकोट मार्ग में पाइप लाइन शिफ्टिंग कार्य लागत 2 करोड़ 26 लाख में किया जायेगा। वहीं सिविल लाइन वार्ड में 10 लाख से सीसी सड़क निर्माण, सदर वार्ड में 9.96 लाख से आरसीसी नाली निर्माण, प्रतापदेव, बालाजी वार्ड में 9.90 लाख का नाली निर्माण, मोतीलाल नेहरू वार्ड में 9.94 लाख सीसी सड़क, इंदिरा वार्ड में पुलिया निर्माण 9.98 लाख ,रमैया वार्ड में



सड़क लागत 7.47 लाख, दलपत सागर में सीसी सड़क निर्माण 9.64 लाख, दीनदयाल उपाध्याय में 10 लाख रुपए, दंतेश्वरी वार्ड में लगभग 19 लाख रुपए से नाली निर्माण, राजेन्द्र प्रसाद वार्ड में 7.52 लाख रुपए से सीसी सड़क व पुलिया निर्माण, गंगा नगर वार्ड में लगभग 19.50 लाख रुपए से आरसीसी नाला निर्माण कार्य, जवाहर नगर में 8.26 से नाली निर्माण, शांति नगर में 4.03 लाख, स्वामी विवेकानंद वार्ड में 5 लाख से सड़क व नाली, अनुकूल देव वार्ड में 9.98 लाख शेड व सड़क निर्माण, संजय गांधी वार्ड में 11 लाख रुपए से शेड निर्माण कार्य, गुरु गोविंद सिंह वार्ड में 13 लाख रुपए से नाली निर्माण, लोकमान्य तिलक वार्ड में 19.50 लाख से सीसी सड़क निर्माण कार्य, अब्दुल कलाम वार्ड में 9.15 लाख से नाली निर्माण, चंद्र शेखर आजाद वार्ड में 11 लाख से सड़क निर्माण,मदन मोहन मालवीय वार्ड में 6 लाख से निमार्ण कार्य, महाराणा प्रताप में लगभग 21 लाख की लागत से नाली एवं सड़क निर्माण कार्य के विकास कार्य का भूमिपूजन हुआ। नगर निगम के विभिन्न वार्डों में अधोसंरचना विकास से 36 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। हमारा लक्ष्य है कि शहर का कोई भी क्षेत्र का विकास में अधूरा ना रहे। विकास कार्य में राशि की कमी नहीं होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य तेज गति के साथ हो रहे हैं। जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्य हो रहे हैं।

महापौर संजय पांडे ने कहा कि दलपत सागर के विकास व सौंदर्यीकरण के लिए चौपाटी निर्माण, पार्किंग निर्माण, विद्युतीकरण, नाला, को वाल व अन्य कार्य किया जायेगा। विधायक, सांसद के नेतृत्व में शहर में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। शहर के बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान जिला सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा, लक्ष्मण झा, कलावती कसेर, श्वेता बधेल, त्रिवेणी रंधारी,पार्षद पारूल बोथरा, कुबेर देवांगन, गौतम पानीग्राही,आलोक अवस्थी, ,पीतामह नायक, जाहिद हुसैन, बंसती समरथ, संतोष गौर, श्याम सुंदर,दिलीप दास,नेहा धुव,हरिश पारेख,मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, रजनीश पानीग्राही, आर्येंद्र सिंह, आशुतोष पांडेय, राजेश श्रीवास्तव समेत वार्डवासी, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

